निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता – यूआईपी : (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं उत्तरदायित्व :

1. प्रतिरक्षण प्रभाग के विभिन्न कार्यकलापों के लिए उपायुक्त (प्रतिरक्षण) को तकनीकी- प्रबंधनात्मक सहायता प्रदान करना।
2. नियमित व पूरक प्रतिरक्षण कवरेज व निगरानी डाटा का संग्रहण, संकलन व विश्लेषण करना तथा राष्ट्रीय व उप राष्ट्रीय स्तरों पर कार्यकलापों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्य अधिकारियों को फीडबैक प्रदान करना।
3. देश में टीकाकरण कवरेज में सुधार करने के लिए नेमी और नयी वेक्सीनों, कार्यक्रम क्रियान्वयन और नीति से संबंधित मामलों पर तकनीकी दिशानिर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करना ।
4. नई वेक्सीनों की शुरूआत करने के लिए तकनीकी-पबंधन क्षमता में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
5. देश के विभिन्न राज्यों में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना।
6. टीकाकरण कार्यक्रम की योजना बनाने और क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा उचित स्तरों पर प्रतिक्रिया देने के लिए क्षेत्रीय दौरे करना।
7. राज्यों और भागीदारों के साथ निगरानी व मूल्यांकन वेक्सीन रसद प्रबंधन, कोल्ड चेन, एईएफआई स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण आदि जैसे यूआईपी के आवंटित विषयक घटकों की समीक्षा और समन्वयन करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
8. वेक्सीन भंडार, कोल्ड चेन रसद और प्रशिक्षण की स्थिति संबंधित निगरानी और समीक्षा प्रणालियां स्थापित करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहायता प्रदाना करना।
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन योजना तैयार करने तथा समीक्षा करने में राज्यों को सहायता प्रदान करना।
10. कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और टीकाकरण कवरेज में सुधार करने में राज्य से संपर्क करना।
11. तकनीकी विशेषज्ञ समितियो की बैठकें आयोजित करना और समन्व्यन करना। बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करना तथा कार्य मदों पर तत्पश्चात अनुवर्ती कार्रवाई करना।
12. कार्यक्रम के निष्पादन में सुधार करने के लिए भागीदारों और हितधारकों के साथ समन्वयन।
13. पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अर्हताएं:

1. चिकित्सा स्नातक सहित जन स्वास्थ्य अथवा स्वास्थ्य प्रबंधन अथवा समुदाय स्वास्थ्य अथवा समुदाय स्वास्थ्य प्रशासन अथवा निवारणात्मक व सामाजिक मेडिसीन मे स्नातकोत्तर ।
2. न्यूनतम 5 वर्ष से अधिक अनुभव जिसमें से एनएचएम/आरसीएच/प्रतिरक्षण में 3 वर्ष का संगत अनुभव। उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास राष्ट्रीय स्तर पर एनएचएम/आरसीएच/प्रतिरक्षण कार्यक्रम में अनुभव हो।

3. जन स्वास्थ्य प्रणाली तथा संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियोंविशेषरूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टीकाकरण के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।
4. एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वॉइट व वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित कप्यूटर में निपुणता।
5. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुतीकरण कौशल, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
6. बहु-विषयक दल माहौल में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
7. क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने का प्रदर्शन अनुभव।
8. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने और सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की क्षमता।
9. उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

वांछनीय :

1. राष्ट्रीय स्तर पर टीकाकरण के क्षेत्र में 2-3 वर्ष का कार्य अनुभव।
2. देश में नई वेक्सीन की शुरूआत के क्षेत्र में अनुभव।

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को 55 व ा तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000 रुपए से 1,30,000 रुपये के बीच।

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के दौरे अपेक्षित ।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **23-Aug-2018** तक rch.imm.mohfw@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।